साइबर अपराध पर नुक्कड़ नाटक स्पर्धा कराई

जागरण संवाददाता, गुरुग्राम: गुरुग्राम साइबर पुलिस और सीएसओ टीम ने बृहस्पतिवार को सेक्टर-14 स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में इंटर-स्कूल नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता कराई। साइबर सेफ्टी थीम की इस प्रतियोगिता की शुरुआत एसीपी साइबर पुलिस प्रियांशु दीवान ने की। इसमें 30 स्कूलों ने नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन स्कूलों का चयन किया गया। इसमें डीएवी पब्लिक स्कूल ने पहला, सेक्टर-45 स्थित डीपीएस दूसरे और सेक्टर-4 स्थित सीसीए तीसरे स्थान पर रहा।

डीएवी पब्लिक स्कूल में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में प्रस्तुति देते विद्यार्थी ● सौ : स्कूल

उन्होंने बताया कि आनलाइन शिक्षा, मनोरंजन, सामाजिक संपर्क और गेमिंग के लिए बच्चों में इंटरनेट की बढ़ती खपत ने उन्हें साइबर अपराधों के प्रति अधिक संवेदनशील बना दिया है, जो वर्तमान में आम है। स्कूली छात्रों के बीच खतरे को कम करने और जागरूकता फैलाने के लिए प्रतियोगिता कराई गई है। इस पहल का उद्देश्य गुरुग्राम को साइबर सुरक्षित बनाना था और नुक्कड़ नाटक प्रदर्शन के माध्यम से स्कूली छात्र इंटरनेट पर सुरक्षित रहने के लिए निवारक उपायों और सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी देना है। कार्यक्रम में साइबर पुलिस स्टाफ और सीएसओ (साइबर सुरक्षा अधिकारी) बिजेंदर सिंह, आशीष पाहुजा, जगदीश बवेजा, अवनीश वत्स, अरविंद सिंह, मयंक, साहिल सैनी, प्रिंस बत्रा, एमडी हिदायत, अनिल जेटली और राज कुमार यादव ने जागरूकता बढ़ाने के अभियान का हिस्सा बने।